के लिए शून्य या घटे शुल्क पर खुला सामान्य लाइसेंस (ओ॰जी॰एल॰) आयात नीति को जारी रखना।

(3) सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पी॰डी॰एस॰) के जरिए आपूर्ति के लिए सरकारी खाते पर खाद्य तेलों का आयात।

(4) 1995-96 में राजकोषीय घाटे को सकल घरेलू-उत्पाद (जी॰डी॰पी॰) के 5.9 प्रतिशत (सं॰ अ॰) पर नियंत्रित करना।

(5) मौद्रिक वृद्धि को उपायों की श्रृंखला के जरिए 1995-96 में 13 प्रतिशत पर बनाए रखना।

(6) अधिकतर वस्तुओं के लिए आयात शुल्कों में कमी सहित एक उदार आयात नीति को बनाए रखना।

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा किसानों को ऋण

244. **श्री ईश दत्त यादव:**
श्री नागमणि:

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान प्रतिवर्ष और चालू वर्ष में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा किसानों को राज्य-वार कितनी धनराशि का ऋण दिया गया;

(ख) इन ऋणों से राज्य-वार कितने किसान लाभान्वित हुए; और

(ग) उक्त अवधि के दौरान इन ऋणों की बैंक-वार स्थिति क्या थी?

वित्त मंत्री तथा कम्पनी कार्यमंत्री (श्री पी॰ चिदम्बरम): (क) से (ग) सूचना एकत्र की जा रही है तथा यथा उपलब्ध सूचना सभा पटल पर रख दी जाएगी।

Stipend and Loans to Medical and Dental Colleges

245. SHRI PARAG CHALIHA: Will the Minister of FINANCE be pleased to state: the College-wise details of stipend and loans given to medical and dental colleges (private) of the country is execution of Supreme Court*s interim order of August, 1995?

THE MINISTER OF FINANCE AND THE MINISTER OF COMPANY AFFAIRS (SHRI P. CHIDAMBARAM): Information is being collected and will be laid on the Table of the House to the extent available.

वसन्त कुंज, दिल्ली में बहुमंजिला मकानों के निर्माण के कारण विमानों को खतरा

246. **श्री रामदेव भंडारी:** क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या दिल्ली के वसन्त कुंज क्षेत्र में बहुमंजिला मकानों के निर्माण से इन्दिरा गान्धी विमान पत्तन पर उतरने वाले विमानों के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है;

(ख) क्या यह क्षेत्र हवाई मार्ग के अन्तर्गत आता है;

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार निर्माण कार्यों को रोकने और निर्मित किए गए मकानों को गिराने की व्यवस्था कर रही है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

नागर विमानन मंत्री (श्री सी॰एम॰ इब्राहिम): (क) जी, नहीं।

(ख) वसन्तकुन्ज आंशिक रूप से इंदिरा गांधी अन्तरराष्ट्रीय हवाई अड्डे, नई दिल्ली के विमानों के पहुंच मार्ग में पड़ता है।

(ग) जी नहीं। मकान अनुमत्य ऊंचाइयों के अन्दर बने हुए हैं।

(घ) यह प्रश्न नहीं उठता।

Visit of Foreign Tourists to various States of India

247. SHRI MOHINDAR SINGH KALYAN: Will the Minister of CIVIL AVIATION AND TOURISM be pleased to state:

(a) the number of foreign tourists who visited Punjab, Jammu and Kashmir, Assam, Uttar Pradesh and Rajasthan during the last two years; and

(b) the amount of foreign exchange earned from these States during the said period?